पत्रांक 246/टी0आर0/पंजी0नि0/यूपी22ए–9652/2013–वाहन संख्या यूपी22ए–9652 मॉडल 1987 चेसिस संख्या 364052853950 इंजन संख्या 692D02870059 इस कार्यालय में श्री अमर सिंह पुत्र श्री दाता राम, निवासी म0नं0 375, इन्द्रा कालोनी, वार्ड नं0 3, रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने दिनांक 20–02–2014 को आवेदन पत्र के साथ वाहन की मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन मार्ग पर संचालन योग्य न रहने के कारण वाहन कबाड़ी को कबाड़ में बेच दी है तथा कबाड़ी द्वारा वाहन को काट कर समाप्त कर दिया गया है साथ ही वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 28–02–2014 जमा है। वाहन फाईनैन्स से मुक्त है। प्रवर्तन अनुभाग की आख्या के अनुसार वाहन पर कोई चैक चालान लम्बित नहीं है तथा वाहन का मार्ग परमिट सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण हल्द्वानी द्वारा समर्पण/निरस्त/जारी करने हेतु उनके कार्यालय की आख्या अंकित है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, नन्द किशोर पंजीयन अधिकारी मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा–55 (2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये वाहन संख्या यूपी22ए–9652 का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 364052853950 तत्काल प्रभाव से निरस्त करता हूँ।

कार्यालय आदेश

25 फरवरी, 2014 ई0

पत्रांक 266/टी0आर0/पंजी0नि0/यूके06सीए–3117/2014–वाहन संख्या यूके06सीए–3117 (ट्राली) मॉडल 2011 चेसिस संख्या 11UK06012063 इस कार्यालय में श्री स्वर्ण सिंह पुत्र श्री कत्था सिंह, निवासी ग्राम दोहरा, पो0 गुसरी, सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने दिनांक 24–02–2014 को आवेदन पत्र के साथ वाहन की मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन मार्ग पर संचालन योग्य न रहने के कारण वाहन कबाड़ी को कबाड़ में बेच दी है तथा कबाड़ी द्वारा वाहन को काट कर समाप्त कर दिया गया है साथ ही वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 28–02–2014 जमा है। वाहन फाईनैन्स से मुक्त है। प्रवर्तन अनुभाग की आख्या के अनुसार वाहन पर कोई चैक चालान लम्बित नहीं है तथा वाहन का मार्ग परमिट सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण हल्द्वानी द्वारा समर्पण/निरस्त/जारी करने हेतु उनके कार्यालय की आख्या अंकित है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, नन्द किशोर पंजीयन अधिकारी मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा–55 (2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये वाहन संख्या यूके06सीए–3117 (ट्राली) का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 11UK06012063 तत्काल प्रभाव से निरस्त करता हूँ।

कार्यालय आदेश

28 फरवरी, 2014 ई0

पत्रांक 273/टी0आर0/पंजी0नि0/डीएल1जी–3248/2013–वाहन संख्या डीएल1जी–3248 मॉडल 1990 चेसिस संख्या 364052512389 इंजन संख्या 692D02961783 इस कार्यालय में श्री परवेश बब्बर पुत्र श्री वेद प्रकाश बब्बर, निवासी आदर्श कालोनी, रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी ने दिनांक 12–02–2014 को आवेदन–पत्र के साथ वाहन की मूल चेसिस नं0 प्लेट प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि उनका वाहन मार्ग पर संचालन योग्य न रहने के कारण वाहन कबाड़ी को कबाड़ में बेच दी है तथा कबाड़ी द्वारा वाहन को काट कर समाप्त कर दिया गया है साथ ही वाहन का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुरोध किया है। कार्यालय अभिलेखानुसार वाहन का कर 28–02–2014 जमा है। वाहन फाईनैन्स से मुक्त है। प्रवर्तन अनुभाग की आख्या के अनुसार वाहन पर कोई चैक चालान लम्बित नहीं है तथा वाहन का मार्ग परमिट सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण हल्द्वानी द्वारा समर्पण/निरस्त/जारी करने हेतु उनके कार्यालय की आख्या अंकित है। उक्त तथ्यों के आधार पर वाहन के पंजीयन चिन्ह के बने रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

अतः, मैं, नन्द किशोर पंजीयन अधिकारी मोटर वाहन विभाग, ऊधमसिंह नगर, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा–55 (2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये वाहन संख्या डीएल1जी–3248 का पंजीयन चिन्ह एवं चेसिस संख्या 364052512389 तत्काल प्रभाव से निरस्त करता हूँ।

नन्द किशोर,
सहायक सम्भागीय, परिवहन अधिकारी (प्रशासन),
रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

(प्रशासन प्रभाग)

कार्यालय आदेश

20 फरवरी, 2014 ई0

संख्या 152/सू0एवंलो0सं0वि0(प्रशा0)–34/2007–तात्कालिक प्रभाव से सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के प्रशासनिक अधिकारी, श्री शंकर दत्त लोहनी को, नियमित चयनोपरान्त, व्यवस्थाधिकारी, वेतन बैण्ड–2, वेतनमान ₹ 9300–34800, ग्रेड वेतन ₹ 4600 के रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति करते हुए दो वर्ष के परिवीक्षण पर रखा जाता है।

2. उक्त पदोन्नति अस्थाई है। यदि उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड राज्य के लिए आवंटित ज्येष्ठ कार्मिक द्वारा सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में कार्यभार ग्रहण किया जाता है तो श्री शंकर दत्त लोहनी को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा।

सचिन कुर्वे,
महानिदेशक।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 18 हिन्दी गजट/346–भाग 1–क–2014 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकृत संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 03 मई, 2014 ई0 (बैशाख 13, 1936 शक सम्वत्)

भाग 3

स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया

कार्यालय आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी

पंचायती राज विभाग

21 फरवरी, 2014 ई0

सं0 1308/23–5(4)(2013–14)–जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की धारा–239(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा अपने अधिकार क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट भट्टा, टाईल्स, खपड़ा, चूना, सूर्खी भट्टी आदि को नियमित करने के उद्देश्य सम्बन्धी पूर्व शासकीय विज्ञप्ति सं0–1829/21–1061–90–92 द्वारा निर्मित उपविधियों को निरस्त करते हुये संशोधित उपविधियां बनाई गई हैं।

अत्एव, अधिनियम की धारा–242(2) की अपेक्षानुसार आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी उक्त संशोधित उपविधियों की शासकीय गजट में प्रकाशनार्थ पुष्टि करते हैं। यह उपविधियां उत्तराखण्ड के शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।

सं0– 1829/21–1061–90–92– उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परि ाद अधिनियम, 1961 की धारा 239 (2) के अन्तर्गत बनाई गई उपविधियों को निरस्त करते हुए सं शोधित उपनियम जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में ईट भट्टा, टाईल्स, खपड़ा, चूना, सूर्खी भट्टी आदि को नियमित करने के उद्दे श्य से निम्नांकित उपनियम तैयार की गई है, जिन्हे सर्वसाधारण के सूचनार्थ समाचार पत्र में प्रका शित विज्ञप्ति के दिनांक से 30 दिन के अन्दर किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म/कम्पनी आदि को कोई आपत्ति लिखित रूप में जिला पंचायत कार्यालय दिवस में दे सकते है, तीस दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा, और इन उपनियिम को अन्तिम रूप देकर धारा 242 (2) के अन्तर्गत आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी को पु ष्ट हेतु भेजा जायेगा।

उपविधि

1– कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, पार्टन्रशिप फर्म या अन्य संस्था, राजकीय विभाग राज्य सरकार द्वारा दिये गये ठेके के ठेकेदार या स्थानीय संस्थायें आदि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में ईट भट्टा, टाइल्स, खपड़ा, चूना व सूर्खी आदि बिना जिला परिषद, हरिद्वार के लाईसेन्स प्राप्त किये न बनायेगा, न फूकेगा और न बनवायेगा और न फुकवायेगा।

2– इन उपविधियों के अन्तर्गत दिया जाने वाला अनुज्ञा–पत्र निम्नलिखित शर्तो पर दिया जायेगा।

(अ) आबादी, सार्वजनिक इमारत, अस्पताल, विद्यालय ऐसी इमारते अथवा स्थान जो ज्वलनशील पदार्थ एकत्र करने के प्रयोग में लाये जाते है, ईट भट्टा, टाइल्स अथवा खपड़ा, चूना व सूर्खी 200 मीटर की दूरी के अन्दर न बनाया या फूका जायेगा न ही बनवाया या फुकवाया जायेगा।

(ब) सार्वजनिक राष्ट्रीय तथा राज्य मार्ग के मध्य से 50 मीटर अन्य मार्गो के मध्य से 25 मीटर के भीतर किसी भट्टे का निर्माण नही किया जायेगा, और न ईट तथा खपड़ा, चूना व सूर्खी आदि फूका जायेगा, और न उसके बनाने व निर्माण करने या फूकने का प्रयत्न किया जायेगा।

(स) 1– आम के बाग से पूर्व एंव पश्चिम दिशा में ईटो के भट्टे की दूरी 1.50 किलोमीटर (1500 मीटर) से कम नही होगी। उत्तर दक्षिण दिशा में यह दूरी 300 मीटर से कम नही होगी।

(स) 2– उपरोक्त निर्धारित दूरी केवल उन आम देशी या फसली बागों पर लागू होगी, जिसका क्षेत्रफल अकेले अथवा कई बागों का संयुक्त से ढाई एकड़ से कम न हो। आम के बाग तथा उसकी पोधशालाओं (नर्सरी) में कोई अन्तर नही समझा जायेगा। अपर मुख्य अधिकारी, लाईसेन्स अधिकारी होंगे।

3– इन उपविधियों के अन्तर्गत लाइसेन्स की अवधि प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर से 30 सितम्बर तक होगी।

4– इन उपनियमों के किसी प्रकार के उल्लंघन पर लाइसेन्स अधिकारी को अनुज्ञा–पत्र निरस्त करने, निलम्बित करने अथवा स्थगित करने का अधिकार होगा।

5– लइसेन्स अधिकारी के किसी आदेश के विरूद्ध 30 दिन के अन्दर अध्यक्ष, जिला परिषद को अपील की जा सकती है। जिनका निर्णय अन्तिम एंव आध्यकारी होगा।

6– अनुज्ञा–पत्र में आवेदन निर्धारित रूप पत्र पर किया जायेगा, जो निर्धारित शुल्क देकर परिषद कार्यालय से प्राप्त किया जायेगा। इसका मूल्य नये भट्टे हेतु 100 रूपये प्रति आवेदन–पत्र तथा नवीनीकरण के लिये 50 रूपये प्रति आवेदन–पत्र होगा।

7– अनुज्ञा–पत्र आवेदन–पत्र के साथ ईट, टाइल्स, चूना आदि के बनाने या फूकने के स्थल का राजस्व अभिलेख जो 6 माह से पूर्व का नही प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी दूसरे से स्थल लिया गया हो तो उसका इकरारनामा राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत कराकर प्रस्तुत करना होगा।

8– शुल्क निम्नलिखित होगा :– वार्षिक

(अ)	चिमनी ईट भट्टा	5000/– रू0
(ब)	बिना चिमनी के ईट भट्टा अनुज्ञा शुल्क–पत्र	500/– रू0
(स)	टाइल्स अनुज्ञा–पत्र शुल्क	1000/– रू0
(द)	चूना या सूर्खी, इंजन की शक्ति द्वारा बनाने या फूकने का अनुज्ञा–पत्र शुल्क	1000/– रू0
(य)	चूना या सूर्खी बैल चक्की द्वारा बनाने या फूकने का अनुज्ञा–पत्र शुल्क	500/– रू0

9– ईट भट्टा, चूना, सूर्खी, टाइल्स आदि बनाने के प्रारम्भिक कार्य करने के एक माह पूर्व आवेदन–पत्र कार्यालय जिला परिषद, हरिद्वार को दिया जायेगा। नवीनीकरण की दशा में यदि कार्य बराबर जारी रखना चाहते है, तो पूर्व अनुज्ञा–पत्र की तिथि के सामप्त होने के कम से कम एक माह पूर्व आगामी वर्ष का अनुज्ञा–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।

10– कोई व्यक्ति, फर्म कम्पनी, आदि कोई ऐसी सूचना नही देंगे जो असत्य हो या इन उपविधियों से सम्बन्धित कोई ऐसी सूचना जिनका अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी, कार्य अधिकारी, कर अधिकारी तथा जिला परिषद का कोई अन्य कर्मचारी जिनकी नियुक्ति इस कार्य के लिये की गई हो, मांगे तो इन्कार नही करेंगे।

11– भट्टे की ईटों पर बनाने का वर्ष तथा भट्टा या फर्म का नाम उसका चिन्ह या ट्रेड मार्क अंकित करना अनिवार्य होगा।

12– ईट भट्टे के मालिक को पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा, तभी नया नवीनीकरण किया जायेगा।

13– विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा।

14– प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी एक माह के भीतर प्रस्तत करना होगा।

15– ईट भट्टा, सूर्खी, खपड़ा टाइल्स मालिक यदि लाइसेन्स अधिकारी के किसी आदेश का पालन न करें, तो उसके विरूद्ध धारा– 133 सी0 आर0पी0सी0 के अधीन कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी।

16– 1 अक्टूबर, से 30 अक्टूबर तक नवीनीकरण करने पर 500 रू0 का विलम्ब शुल्क जमा करना होगा। उसके उपरान्त लाइसेन्स न लेने पर भट्टे मालिक के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की जायेगी।

17– ये उपविधियां गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगी।

दण्ड

उ0प्र0 क्षेत्र समित एंव जिला परिषद अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद यह निर्देश देती है, कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा, वह 5000/– रू0 अर्थ दण्ड से दन्डित होगा, जो प्रथम दोष सिद्धि के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि उसमें अपराधी अपराध करता रहा है, 100/– रू0 प्रतिदिन तक अर्थ दण्ड हो सकेगा, अथवा अर्थ दण्ड का भुगतान न किया जाये तो कारावास से दन्डित किया जायेगा, जो तीन माह तक हो सकेगा।

21 फरवरी, 2014 ई0

सं0 1309/23–5(5)(2013–14)–जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की धारा–239(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा अपने अधिकार क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक मार्ग, सार्वजनिक भूमि अथवा निजी भूमि पर साप्ताहिक अथवा प्रतिदिन लगने वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों पर लगने वाले मेलों को नियंत्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य सम्बन्धी पूर्व शासकीय विज्ञप्ति सं0–1747/23–144–92–94 द्वारा निर्मित उपविधियों को संशोधित कर संशोधित उपविधियां बनाई गई हैं।

अत्एव, अधिनियम की धारा–242(2) की अपेक्षानुसार आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी उक्त संशोधित उपविधियों की शासकीय गजट में प्रकाशनार्थ पुष्टि करते हैं। यह उपविधियां उत्तराखण्ड के शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।

सं0–1747/23–144–92–94– उ0प्र0 क्षेत्र समिति एंव जिला परि ाद अधिनियम, 1961 (अ धिनियम सं0– 33 सन् 1961) (उ0प्र0 पंचायत यिधि सं शोधन अधिनियम 1994 उ0प्र0 अधिनियम सं0– 9 सन् 1994) के अन्तर्गत सं शोधित की धारा 143 के साथ पठित धारा 145 एंव 239 (2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, हरिद्वार से अपने नियन्त्रणाधीन जिला हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक मार्ग, सार्वजनिक भूमि अथवा निजी भूमि पर साप्ताहिक अथवा प्रतिदिन लगने वाले बाजारों, धर्मिक स्थलों पर लगने वाले मेलो को नियंत्रित एंव विनियमित करने के उद्दे श्य से निम्नलिखित उपविधियां सं शोधित की गई है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञापन तिथि से तीस दिन के भीतर लिखित रूप में जिला पंचायत कार्यालय मायापुर हरिद्वार में प्रेषि ात करें, , तीस दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा, और इन उपनियिम को अन्तिम रूप देकर धारा 242 (2) के अन्तर्गत आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी को पुि ट हेतु भेजा जायेगा।

उपविधि

1– कोई भी व्यक्ति बिना जिला पंचायत की आज्ञा के किसी भी सार्वजनिक स्थान सड़क या मार्ग पर जिसकी सीमा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा निर्धारित की गई हो न तो कोई वस्तु बेचेगा, और न ही बिक्री के लिये रखेगा या बाजार लगायेगा, न दुकान के लिये स्थान घेरेगा, न कोई गाड़ी या पशु (क्र य–विक्रय हेतु) बाजार के लिये खड़ा करेगा, जब तक कि जिला पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क अदा न कर दें।

2– जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न धर्मिक स्थलों पर लगने वाले मेले एंव बाजार को नियंत्रित करने के लिये जिला पंचायत के अधिकृत ठेकेदार द्वारा तहबाजारी शुल्क वसूली करेगा।

3– जिला पंचायत द्वारा मेले में सफाई एंव पानी की व्यवस्था करेगी, ठेकेदार को उक्त व्यवस्था अपने खर्चे पर करना होगा।

4– जिला पंचायत को अधिकार होगा कि वह समय–समय पर निर्धारित मेलों का समय तथा तहबाजारी की दरों का पुनरीक्षित करने का अधिकार होगा।

5– उस गाड़ी से कोई शुल्क नही लिया जायेगा, जो किसी मकान या भवन के सामने केवल सामान उतारने के लिये खड़ी हो।

6– तहबाजारी दरों की तालिका जिला पंचायत द्वारा सम्बन्धित बाजार में उपर्युक्त स्थानों पर लगाई जायेगी, तथा उसकी प्रति सर्वसाधारण के सूचनार्थ भी उपलब्ध कराई जा सकेगी।

7– तहबाजारी संग्रह का कार्य ठेके पर कराया जायेगा, परन्तु विशेष परिस्थितियों में जिला पंचायत अपने कर्मचारियों के माध्यम से भी यह कार्य करा सकता है।

8– तहबाजारी के ठेको का नीलामी हेतु एक समिति होगी, जिसके अध्यक्ष अपर मुख्य अधिकारी होंगे और कार्य अधिकारी व वित्तीय परामर्शदाता सदस्य होंगे। नीलाम की कार्यवाही में निम्नलिखित शर्तो का पालन करना आवश्यक होगा।

(1) नीलाम में भाग लेने वाले व्यक्ति को राजस्व विभाग से हैसियत प्रमाण पत्र तथा पुलिस विभाग से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो क्रमशः तहसीलदार तथा क्षेत्राधिकारी स्तर से कम का न होगा।

(2) जिला पंचायत के किसी भी बकायादार को नीलामी में भाग लेने का अधिकार न होगा।

(3) नीलाम समिति द्वारा निर्धारित जमानत की धनराशि जमा करने के पश्चात ही कोई व्यक्ति नीलामी बोली में भाग ले सकता है। नीलामी बोली के दौरान जमानत धनराशि बढ़ाने व तुरन्त जमा कराने का अधिकार नीलाम समिति को होगा। सामान्यतया उच्चतम बोलीदाता प्रथम व द्वितीय की जमानत धनराशि रोककर अन्य बोलीदाताओं की जमानत धनराशि नीलामी की समाप्ति के बाद वापस की जा सकती है।

(4) साधारणतया नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को बोली की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी।

(5) यदि नीलाम समिति द्वारा सार्वजनिक निविदा आमंत्रित करने का निश्चय किया जाता है तो जिला पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अपेक्षित मूल्य की निविदा के साथ नीलाम समिति द्वारा निर्धारित जमानत की धनराशि नकद अथवा बैंक ड्राफट द्वारा जमा करने के बादी ही सीलबन्द निविदा देना अनिवार्य होगा।

(6) निविदायें नीलाम समिति द्वारा खोली जायेंगी। नीलाम समिति की संस्तुति पर नीलाम बोली अथवा निविदा अध्यक्ष, जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत की जायेगी। दोनो की स्थितियों में नीलाम धन की सम्पूर्ण धनराशि जमा कराने तथा अनुबन्ध पत्र दाखिल करने के पश्चात ही तहबाजारी वसूली का कार्यादेश जारी किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में नीलाम धनराशि की किस्ते निर्धारित करने का अधिकार नीलाम समिति में निहित होगा। यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित तिथि पर नीलामी की धनराशि अथवा किस्त में निर्धारित धनराशि को जमा नही किया जाता तो नीलाम समिति की संस्तुति पर ठेका समाप्त करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत को होगा।

(7) यदि ठेके की अवधि पूर्ण होने के पूर्व ही ठेकेदार ठेका छोड़ देता है अथवा उसके द्वारा उपविधियों की शर्तो का पालन न करने पर उसका ठेका समाप्त किया गया हो तो ठेका पुनः सार्वजनिक नीलाम अथवा निविदा आमंत्रित करके उठाया जायेगा। और यदि दुबारा ठेके में पहले ठेके की अपेक्षा कम धनराशि आती है, तो कमी की पूर्ति पूर्व ठेकेदार से की जायेगी, जिसकी वसूली भू–राजस्व के बकाया की भांति की जा सकती है।

6– तहबाजारी वसूली का ठेका प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक के लिये उठाया जायेगा। सामान्यतया ठेका नीलामी की कार्यवाही व वर्ष के प्रारम्भ से पूर्व ही सम्पन्न कर ली जायेगी।

7– बाजार में सफाई का प्रबन्ध ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

8– ठेकेदार को जिला पंचायत द्वारा दिये गये आदेशों का अनिवार्यतः पालन करना होगा।

9– अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को अधिकार होगा कि ठेकेदार द्वारा उपविधि के प्राविधानों के विरूद्ध कार्य करने अथवा अनुबन्ध पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने पर बिना कारण बताये ठेके को निलम्बित कर दे, और ठेकेदार को उसके द्वारा जमा की गयी धनराशि को जब्त करने का कारण बताओं नोटिस जारी करें, संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त करने और जमा धनराशि को जब्त करने की संस्तुति पर अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा ठेका निरस्त किया जायेगा।

10–उभय पक्षों में विवादा की स्थिति आने पर मामला मण्डायुक्त को संदर्भित किया जायेगा, जिसका निर्णय दोनो पर बंधनकारी होगा।

11–तहबाजारी शुल्क की बकाया धनराशि उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनियम, 1961 के अध्याय 8 के अन्तर्गत वसूल की जा सकती है।

12–तहबाजारी की वसूली केवल उसी दिन की जायेगी, जिस दिन साप्ताहिक बाजार के दिवस निर्धारित हो।

13– तहबाजारी वसूली से निम्नलिखित व्यक्ति/व्यवसायी मुक्त होंगे :–

(1) उत्पादक विक्रेता (किन्तु शर्त यह होगी कि उत्पादक विक्रेता की उत्पादन के साक्ष्य के रूप में जमीन की खतौनी तथा खसरा की फोटो पति उपलब्ध करानी होगी)।

(2) लघु व्यवसायी, (जिनकी बाजार के दिन बिक्री 100 रू0 से अनविक है)।

(3) अन्य छोटी व्यवसायी जैसे पान, खोमचा, साइकिल रिपेयर, गुमटी एंव लघु विक्रेता जो इन हाट बाजारों में छोटी मात्रा में बिक्री और सेवा कर अपनी जीविका चलाते है।

14– तहबाजारी वसूली की दरें

क्र0सं0	विवरण	तहबाजारी की दर
1	व्यवसायी जिनकी बिक्री 101 रू0 से 1000 रू0 तक है।	बिक्री का दो प्रतिशत
2	व्यवसाय जिनकी बिक्री 1000 रू0 से अधिक है	बिक्री का तीन प्रतिशत

15–हाट बाजार यां पशु बाजारों में लगने वाली मिठाई बाजारों में साप्ताहिक या प्रतिदिन बिकने वाले खद्य पदार्थो के विक्रेताओं को यह आव श्यक होगा कि वह कोई भी खाद्य पदार्थ खुले बर्तन में रखकर नही बेचेगा, ढककर रखेगा या जालीदार डिब्बे में रखेगा ताकि गंदगी फैलने का अंदे शा न रहें। अपर मुख्य अधिकारी अथवा उसके द्वारा अधिकृत कोई भी अधिकारी/कर्मचारी ऐसे खाद्य पदार्थो का निरीक्षण कर सकता है, और खुला पाने अथवा अखाद्य होने की स्थिति में उसे न ष्ट करा सकता है।

16– जनपद में निजी भू–खण्डों पर निजी स्वामित्व में लगने वाली बाजारों के स्वामियों के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे उपविधि लागू होने के एक माह के अन्दर अपनी बाजार को जिला पंचायत से पंजीकृत करा ले, और उपविधि की धारा 13 तथा धारा 14 में निर्धारित मापदण्डों का अनुपालन सुनि श्चित करें। उल्लंघनकर्ता बाजार स्वामी को जिला पंचायत द्वारा सुनवाई का पर्याप्त अवसर देने के पश्चात दो ष ा सिद्ध पाये जाने पर यह अधिकार होगा कि ऐसी बाजारों में तहबाजारी वसूली का कार्य जिला पंचायत अपने हाथ में ले ले और उसका नियमन एंव प्रबन्धन करें।

17– ग्राम पंचायत तथा निजी भूस्वामियों के द्वारा तहबाजारी हेतु जिला पंचायत में पंजीकरण कराना आव श्यक होगा। इस प्रयोजन हेतु उन्हें निम्नानुसार पंजीकरण शुल्क देना होगा।

		रू0 प्रतिव र्ा
(1)	ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित हाट बाजार हेतु	1000.00
(2)	स प्ताह में एक बार लगने वाले निजी हाट बाजार हेतु	5000.00
(3)	स प्ताह में दो या दो से अधिक बार लगने वाले निजी बाजार पर	7500.00

18– ऐसे निजी बाजारों का पंजीकरण प्रति व र्ा 30 अप्रैल तक करा लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा 25.00 रू0 प्रतिमाह की दर से विलम्ब शुल्क देय होगा।

19– इस उपविधि के प्रवृत्त होने के दिनांक से उ0प्र0 पंचायत राज एक्ट 1947 के अधीन अथवा शासन द्वारा वि शे ष ा आदे श से निर्धारित आय सीमा से अधिक आय वाली ग्राम पंचायत की बाजारें भी जिला पंचायत के नियंत्रणाधीन हो जायेगी।

20– ग्राम पंचायत की बाजारों में भी उपविधि की धारा 13 व 14 में निर्धारित मापदण्डों का पालन करना अनिवार्य होगा, उल्लंघन की द शा में जिला पंचायत को अधिकार होगा कि सुनवाई का पर्याप्त अवसर देने के पश्चात दो ष ा सिद्ध पाये जाने पर ऐसी बाजार को जिला पंचायत अपने नियन्त्रण व प्रबन्धन में लेकर तहबाजारी वसूल करायें।

दण्ड

उ0प्र0 पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत यह निर्देश देती है, कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा, वह अर्थ दण्ड से दण्डनीय होगा जो 5000.00 रू0 तक होगा, और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डित होगा, जो प्रथम दो ष्ा सिद्ध होने के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिनके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि उसमें अपराधी अपराध करता है 100.00 रू0 प्रतिदिन तक अर्थदण्ड लिया जा सकेगा।

21 फरवरी, 2014 ई0

सं0 1310/23–5(3)(2013–14)–जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की धारा–239(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा अपने अधिकार क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में पशु मेलों, पशु बाजारों, पशु पैठों अथवा पशु प्रदर्शनियों को नियंत्रित एवं विनियमित करने सम्बन्धी पूर्व शासकीय विज्ञप्ति सं0–1746/23–45–94–96 द्वारा निर्मित उपविधियों को संशोधित कर संशोधित उपविधियां बनाई गई हैं।

अत्एव, अधिनियम की धारा–242(2) की अपेक्षानुसार आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी उक्त संशोधित उपविधियों की शासकीय गजट में प्रकाशनार्थ पुष्टि करते हैं। यह उपविधियां उत्तराखण्ड के शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।

सं0– 1746/23–45–94–96– क्षेत्र पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनियम 1961 जो उ0प्र0 पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 द्वारा संशोधित है, की धारा 143 के साथ पठित धारा 239 (2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, हरिद्वार ने अपने नियंत्रणाधीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पशु मेलों, पशु बाजारों, पशु पैठों अथवा पशु प्रदर्शनियों को नियंत्रित व विनियमित करने हेतु निम्नलिखित उपविधियां संशोधित की गई है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञापन तिथि से तीस दिन के भीतर लिखित रूप में जिला पंचायत कार्यालय मायापुर हरिद्वार में प्रेष्ाित करें, , तीस दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा, और इन उपनियिम को अन्तिम रूप देकर धारा 242 (2) के अन्तर्गत आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी को पुष्ट हेतु भेजा जायेगा।

उपविधि

(1) ग्रामीण क्षेत्र का तात्पर्य उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनिमय 1961 में दी गयी परिभा ष्ाा से है।

(2) पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, अथवा पशु प्रदर्शनी का तात्पर्य उस स्थान से है जहां जिला पंचायत किसी व्यक्ति अथवा किसी संस्था जिसमें धर्मिक संस्था भी है, द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रय–विक्रय अथवा प्रदर्शनी हेतु पशु लाये जाते है।

(3) पशु का तत्पर्य सभी जाति एंव श्रेणी के पशु से है।

(4) राजिंस्ट्रेशन अधिकारी का तात्पर्य उस व्यस्क व्यक्ति से है, जिसे लाइसेन्स पशु पैठ अथवा पशु प्रदर्शनियों में पशुओं की बिक्री लिखने एंव शुल्क उगाही हेतु रसीद जारी करने के निमित नियुक्त किया है। निजी पशु मेलों, पशु बाजारों, पशु पैठों एंव पशु प्रदर्शनी में उसके संचालक अथवा प्रबन्धक की संस्तुति पर उपरोक्त प्रयोजन हेतु लाइसेन्स अधिकारी द्वारा नियुक्त किया गया व्यक्ति राजिस्ट्रेशन अधिकारी माना जायेगा।

(5) दलाल का तात्पग्र उस व्यस्क व्यक्ति से है जिसे जिला पंचायत के लाइसेन्स अधिकारी द्वारा पशु मेलों, पशु बाजारों, पशु पैठो एंव पशु प्रदर्शनियों में दलाल कार्य हेतु अधिकृत किया गया है।

(6) ठेकेदार का तात्पर्य भी उस व्यस्क व्यक्ति से है, जिसे जिला पंचायत में किसी पशु मेला, पशु बाजार पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी हेतु ठेकों की शर्तो के अनुरूप नियत अवधि के लिये प्रबन्धक के निमित अधिकृत किया हो।

भाग– 1

1– प्रत्येक व्यक्ति जो जिला हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र में कोई पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी आयोजित करना चाहता है, को इन उपविधियों का पालन करना होगा।

2– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी के संचालक अथवा उसके द्वारा नियुक्त मैनेजर या अधिकृत एजेन्ट के लिये बाजार में आये हुए व्यक्तियों के ठहरने, जानवरों हेतु चारा पानी, सफाई तथा रोशनी का प्रबन्ध व रख–रखाव स्वंय करना होगा।

3– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी के पबन्धों का निरीक्षण समय–समय पर जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। सफाई एंव बिक्री हेतु लाये गये खाद्य पदार्थो की जांच का कार्य चिकित्सा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। अधिकारियों द्वारा जांच के इंगित कर्मियों को तुरन्त दूर करना संचालक, प्रबन्धक, मैनेजर अथवा एजेन्ट के लिये अनिवार्य होगा।

4– एक से अधिक दिन तक चलने वाले पशु मेला पशु बाजार, पशु पैठ पशु प्रदर्शनी में व्यापारियों एंव जनता की सुविधा हेतु शौचालय एंव मूत्रालय की व्यवस्था व सफाई कराना संचालक, मैनेजर, प्रबन्धक अथवा एजेन्ट के लिये अनिवार्य होगा।

5– जिला पंचायत के अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता, कार्य अधिकारी, कर अधिकारी, क्षेत्रीय अवर अभियन्ता, कर निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के उप मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य एंव खाद्य निरीक्षक के अतिरिक्त अध्यक्ष जिला पंचायत अथवा लाइसेसिंग अधिकारी द्वारा अधिकृत कोई भी कर्मचारी किसी भी समय निरीक्षण कर सकता है।

6– नये पशु मेले, पशु बाजार, पशु पैठ, एंव पशु प्रदर्शनी आयोजित करने के लिये शान्ति व्यवस्था सम्बन्धी पुलिस विभाग की आख्या प्राप्त होने के उपरान्त जिला पंचायत के लाइसेन्स अधिकारी द्वारा लाइसेन्स प्रार्थना पत्र पर विचार किया जायेगा।

7– नये पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, पशु प्रदर्शनी लगवाने के लिये यह अनिवार्य होगा कि प्रारम्भ करने की तिथि से एक माह (तीस दिन) के पूर्व जिला पंचायत से लाइसेन्स प्राप्त कर लेंगे। लाइसेन्स की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च होगी।

8– किसी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, एंव पशु प्रद र्शनी के स्थल से 8 किमी0 के अन्दर किसी दूसरे पशु मेले, पशु बाजार, पशु पैठ, एंव पशु प्रद र्शनी लगाने हेतु लाइसेन्स नही दिया जायेगा।

9– नये व र्ा का लाइसेन्स प्राप्त करने हेतु अनिवार्य होगा कि 30 अप्रैल तक लाइसेन्स शुल्क जमा कर नया लाइसेन्स बनवा लिया जाय अथवा पांच सौ रूप्या प्रति माह अथवा उसके किसी भाग पर विलम्ब शुल्क जमा करके ही लाइसेन्स प्राप्त किया जा सकेगा। लाइसेन्स नवीनीकरण में भी यही विधि अपनाई जायेगी, परन्तु लाइसेन्स नवीनीकरण हेतु दिये गये प्रार्थना पत्रों में लाइसेन्स संख्या, दिनांक तथा दिये गये लाइसेन्स शुल्क का विवरण अंकित करना होगा।

10– जो पशु मेले, पशु बाजार, पशु पैठ, पशु प्रद र्शनी पूर्व से लग रही है, उनके संचालन को इन उपविधियों के प्रका शन के एक माह के अन्दर लाइसेन्स बनवा लेना होगा अन्यथा उपनियम सं0– 8 के अनुसार विलम्ब शुल्क जमा करने पर ही लाइसेन्स जारी किया जायेगा। प्रतिबन्ध यह है कि ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित पशु मेले, पशु बाजार, पशु पैठ, पशु प्रद र्शनी पर लगाये गये विलम्ब शुल्क की किसी स्थिति तक कम करने अथवा समाप्त करने का विश े ाधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत को होगा।

11– अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, हरिद्वार इन उपविधियों के अन्तर्गत लाइसेन्स अधिकारी होंगे।

उपविधि भाग– 2

1– कोई भी व्यक्ति जिले के ग्रामीण क्षेत्र में किसी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, पशु प्रद र्शनी में किसी भी पशु का क्रय–विक्रय रजिस्ट्रेशन अधिकारी द्वारा उसकी बिक्री की रजिस्ट्री कराये बिना नहीं कर सकेगा।

2– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, पशु प्रद र्शनी के स्वामी अथवा संचालक द्वारा अधिकृत व्यक्ति जिला पंचायत के लाइसेन्सिंग अधिकारी को अनुमति से 25000/– रू0 वा र्षिक रजिस्ट्रेशन शुल्क देकर राजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त हो सकता है।

3– (अ) निजी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रद र्शनी के स्वामी का दायित्व होगा कि राजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किये जाने वाले व्यक्ति का पूरा पता सहित पुलिस विभाग द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र के साथ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। ऐसे रजिस्ट्रेशन अधिकारी का पारिश्रमिक स्वामी, संचालक अथवा ठेकेदार की आपसी सहमति से तय होगा। प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा परिश्रमिक न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत निर्धारित दर से कम न होगा।

4– रजिस्ट्रेशन अधिकारी प्रत्येक पशु की बिक्री की रजिस्ट्री पशु देखकर तथा साक्ष्य लेकर ही करेगा।

5– किसी भी मृत पशु की रजिस्ट्री सूर्योदय के पूर्व और सूर्यास्त के पश्चात् नही की जा सकेगी।

6– रजिस्ट्रेशन अधिकारी प्रत्येक पशु की बिक्री पर रजिस्ट्री करते समय एक प्रतिशत केता एंव एक प्रतिशत विक्रता से पूरे मूल्य पर शुल्क वसूल करेगा, जो किसी भी दशा में रूपये 100.00 से कम नही होगा। प्रतिबन्ध यह है कि जिला पंचायत की विशेष संकल्प द्वारा इन उपविधियों में किसी भी प्राविधान के बावजूद रजिस्ट्रेशन शुल्क की स्थानीय परिस्थितियों के कारण बढा देने अथवा कम कर देने का अधिकारी होगा।

7– निजी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी के पबन्धक द्वारा उपविधि के नियमों अथवा निरीक्षण के आदेशों का पालन न करने पर संचालक या प्रबन्धक की एक माह का नोटिस दी जायेगा, और उसके उपरान्त भी प्रबन्ध ठीक नही होता है, तो लाइसेन्स अधिकारी की संस्तुति पर अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा उक्त पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ अथवा पशु प्रदर्शनी को नियत तिथि से अपने प्रबन्ध में लेने की अधिसूचना जारी की जायेगी ओर जिला पंचायत द्वारा स्वंय अथवा ठेके पर उक्त प्रबन्ध किया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि उक्त अवधि तीन वर्ष से अधिक न होगी किन्तु आपवादि स्थितियों में जिला पंचायत को विशेष संकल्प से यह अवधि बढ़ाई जा सकती है।

उक्त व्यवस्था में होने वाली आय में से जिला पंचायत द्वारा निर्धारित प्रबन्धकीय व्यय काटकर शेष धनराशि निजी प्रबन्धक अथवा संचालकों को वापसी की जायेगी।

8– जिला पंचायत द्वारा नियुक्त ठेकेदार को किसी भी दशा में उपविधियों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूल करने का अधिकार नही होगा।

9– रजिस्ट्रेशन अधिकारी प्रत्येक पशु की बिक्री का प्रमाण पत्र अपने हस्ताक्षर से केता को उ0प्र0 पुलिस रेगुलेशन के नियम 183 (2) के अन्तर्गत पुलिस फार्म 54 में भर कर देगा तथा उसका प्रतिपर्ण अपने पास सुरक्षित रखेगा। यदि किसी पशु का दूध पीता बच्चा साथ मं हो तो एक ही बिक्री प्रमाण पत्र पर्याप्त होगा। एक प्रतिपर्ण पर एक ही पशु की रजिस्ट्री की जायेगी।

10– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी के संचालक तथा प्रबन्धक के लिये यह अनिवार्य होगा कि उ0प्र0 पुलिस रेगुलेशन के लिये यह अनिवार्य होगा कि उ0प्र0 पुलिस रेगुलेशन के नियम 183 (2) में निर्धारित पुलिस फार्म 54 पुस्तके, जिला पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त करके पशुओं के रजिस्ट्रेशन हेतु प्रयोग में लायेगा, और पुस्तकों के प्रतिपर्ण जिला पंचायत कार्यालय में जमा करेगा। यह शर्त ठेकेदार के ऊ पर भी यथावत लागू होगा।

11– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ, एंव पशु प्रदर्शनी के संचालक या प्रबन्धक अथवा ठेकेदार के लिये आवश्यक होगा कि पशुओं के रजिस्ट्रेशन तथा शर्तो की सूचियां रजिस्ट्रेशन के बैठने के स्थान पर चिपका दें।

12– कोई भी व्यक्ति जिला पंचायत द्वारा संचालित अथवा निजी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी में संक्रामक रोग से पीड़ित पशु को नही ला सकेगा। एतदर्थ नियुक्ति जिला पंचायत के अधिकारी अथवा निजी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ अथवा पशु प्रदर्शनी के संचालक/प्रबन्धक को अधिकार होगा कि संक्रामक रोग से ग्रस्त किसी भी पशु को प्रवेश न करने दे अथवा स्थल से बाहर निकाल दें।

13– कोई भी व्यक्ति या संस्था निर्वारित फीस देकर वर्णित अवधि के लिये जिला पंचायत से लाइसेन्स प्राप्त किये बिना पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी का आयोजन नही कर सकेगा।

14– पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी के लिये निम्नांकित लाइसेन्स शुल्क देय होगा।

उपविधि भाग– 3

1– जिला पंचायत द्वारा पशु मेलों, पशु बाजारों, पशु पैठों एंव पशु प्रदर्शनियों क्रेता एंव विक्रेता के बीच सम्बन्ध स्थापित करने हेतु चौधरी अथवा दलाल का लाइसेन्स दिया जायेगा। ऐसे चौधरी तथा दलाल निम्नांकित शर्तो के अधीन लाइसेन्स प्राप्त करेंगे, और कार्य करेंगे।

कोई भी व्यस्क एंव स्वस्थ मस्तिष्क का व्यक्ति ही चौधरी या दलाल का कार्य करने हेतु लाइसेन्स प्राप्त कर सकेगा।

2– 25000/– रू0 वार्षिक शुल्क अदा करने पर ही लाइसेन्स अधिकारी द्वारा चौधरी तथा दलाल का लाइसेन्स दिया जायेगा।

3– चौधरी तथा दलाल प्रत्येक पशु की बिक्री पर निम्न प्रकार कमीशन पाने का अधिकारी होगा। उक्त कमीशन क्रेता एंव विक्रेता द्वारा आधा–आधा दिया जायेगा।

		रूपया
(अ)	पशु के रू0 1000/– तक मूल्य पर	30.00
(ब)	पशु के रू0 1000/– से 5000/– तक मूल्य पर	50.00
(स)	पशु के रू0 5000/– से ऊपर पर	100.00

4– जिला पंचायत द्वारा नियुक्त कोई चौधरी/दलाल अपनी नियुक्ति के पशु मूला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी से 30 किमी0 के अन्दर अन्य किसी पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ एंव पशु प्रदर्शनी में चौधराहट या दलाली नही कर सकेगा। अन्यथा उसकी चौधराहट/दलाली लाइसेन्स अधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

दण्ड

उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एंव जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, हरिद्वार यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इस उपविधियों का उल्लंघन करेगा वह दण्ड से दण्डनीय होगा, जो रू0 5000.00 तक होगा। और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डित होगा, जो प्रथम दो ष्ा सिद्ध होने के बाद ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिनके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि उसमें अपराधी अपराध करता है स्0 100.00 प्रतिदिन तक दण्ड लिया जा सकेगा।

शूरवीर सिंह मटूरा,
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, हरिद्वार।

अंजुम,
अध्यक्ष,
जिला पंचायत, हरिद्वार।

डी0 एस0 गर्ब्याल,
आयुक्त,
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 18 हिन्दी गजट/346–भाग 3–2014 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकृत संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 03 मई, 2014 ई0 (बैशाख 13, 1936 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

सूचना

"मेरी हाई स्कूल 2012 की मार्कशीट रोल नं0–5278616 में माता का नाम MANJU VALA अंकित है। जबकि माता का सही नाम MANJU BALA है। भविष्य में मेरी माता को MANJU BALA के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये।"

समस्त औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

रीना पुत्री होराम सिंह, निवासी ग्राम भंगेड़ी,
महावतपुर, पोस्ट मिलापनगर, तहसील रुड़की,
जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 18 हिन्दी गजट/346–भाग 8–2014 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।